# 15.कर्नाटक संपदा

https://www.youtube.com/watch?v=ZPMxuxzApM4

## I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :

**१.पश्चिमी घाट किसे कहते हैं ?**

**उत्तर : कर्नाटक के पश्चिम प्रांत में दक्षिण से उत्तर के छोर तक फैली लंबी पर्वतमालाओं को पश्चिमी घाट कहते हैं ।**

**२.कर्नाटक में कौन-कौन से जलप्रपात हैं ?**

**उत्तर :कर्नाटक में जोग, अब्बी, गोकाक, शिवनसमुद्र आदि जलप्रपात हैं ।**

**३.श्रवणबेलगोल की गोमटेश्वर मूर्ति की ऊँचाई कितनी है ?**

**उत्तर :श्रवणबेलगोल की गोमतेश्वर मूर्ति की ऊँचाई ५७ फुट है ।**

**४. किस नगर को सिलिकान सिटी कहा जाता है ?**

**उत्तर :बेंगलूर नगर को सिलिकान सिटी कहा जाता है ।**

**५. भद्रावती के दो प्रमुख कारखानों के नाम लिखिए ?**

**उत्तर :भद्रावती के दो प्रमुख कारखानों के नाम कागज़,लोहे और इस्पात हैं ।**

**६.सेंट फिलिमिना चर्च किस नगर में है ?**

**उत्तर :सेंट फिलोमिना चर्च मैसूर नगर में है ।**

**७.बिजापुर नगर का प्रमुख आकर्षक स्थान कौन सा है ?**

**उत्तर : बिजापुर नगर का प्रमुख आकर्षक स्थान गोलगुंबज़ के व्हिस्परिंग गैलरी है।**

**८.अरबी समुद्र कर्नाटक की किस दिशा में है ?**

**उत्तर :अरबी समुद्र कर्नाटक की पश्चिम दिशा में है ।**

**९.कर्नाटक की दक्षिण दिशा में कौन सी पर्वतमालाएँ शोभायमान हैं ?**

**उत्तर :कर्नाटक की दक्षिण दिशा में नीलगिरी की पर्वतमालाएँ शोभायमान हैं ।**

## II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :

**१. कर्नाटक की प्रमुख नदियाँ और जलप्रपात कौन-कौन से हैं ?**

**उत्तर :कर्नाटक में कावेरी,कृष्णा,तुंगभद्रा आदि नदियाँ बहती है यहाँ जोग,अब्बी,गोकाक,शिवनसमुद्र आदि जलप्रपात हैं ।**

**२. कर्नाटक के किन साहित्यकारों को ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त है ?**

**उत्तर: कर्नाटक के कुवेम्पु,द.रा.बेन्द्रे,शिवराम कारंत,मास्ति वेंकटेश अय्यंगार,वि.कृ.गोकाक,यू.आर.अनंतमूर्ति,गिरीश कार्नाड,चंद्रशेकर कंबार आदि आधुनिक काल के आठ साहित्यकारों को ज्ञानपीठ पुरस्कार से अलंकृत किया गया है। यह कन्नड भाषा,संस्कृति तथा कर्नाटक के लिए गौरव का विषय है।**

**३. बाँध और जलाशयों के क्या उपयोग हैं ?**

**उत्तर:कर्नाटक में कावेरी,कृष्णा,तुंगभद्रा आदि अनेक नदियाँ बहती हैं। इन नदियों पर बाँध बनाये गये हैं।इनसे हज़ारों एकड़ जमीन सींची जाती है। इसके अलावा इन नदियों के जलाशयों की सहायता से ऊर्जा-उत्पादन केंद्र भी स्थापित किये गये हैं।**

**४. कर्नाटक के कुछ प्रमुख राजवंशों के नाम लिखिए।**

**उत्तर:कर्नाटक के प्रमुख राजवंश गंग,कदंब,राष्ट्रकूट,चालुक्य,होयसल,ओडेयर आदि हैं। कृष्णदेवराय,मदकरिनायक,रानी अब्बक्का देवी,कित्तूर चेन्नम्मा,टिप्पू सुल्तान,आदिलशाह जैसे शासकों ने कर्नाटक राज्य की श्रीवृद्धि में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया हैं।**

**५.बेंगलूर में कौन-कौन सी बृहत संस्थाएँ हैं ?**

**उत्तर:बेंगलूर शिक्षा का ही नहीं,बल्कि बड़े-बड़े उद्योग-धंधों का भी केंद्र है। यहाँ प्रसिद्ध भारतीय विज्ञान संस्थान ,एच.ए.एल.,एच.एम.टी .,आइ.टी.आइ.,बी.एच .ई.एल.बी.ई.एल. जैसी बृहत संस्थाएँ हैं।**

**III.चार-पाँच वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

**१.कर्नाटक के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर:प्रकृतिमाता ने कर्नाटक राज्य को अपने हाथों से सँवारकर सुंदर और समृद्ध बनाया है। कर्नाटक की प्रकृतिक सुषमा नयन मनोहर है। पश्चिम में विशाल अरबी समुद्र लहराता है। इसी प्रांत में दक्षिण से उत्तर के छोर तक फैली लंबी पर्वतमालाओं को पश्चिमी घाट कहते हैं। इन्हीं घाटों का कुछ भाग सह्याद्रि कहलाता है। दक्षिण में नीलगिरी की पर्वतमालाएँ शोभायमान हैं।**

**२.कर्नाटक की शिल्पकला का परिचय दीजिए।**

**उत्तर:कर्नाटक राज्य की शिल्पकला अनोखी है।बादामी,ऐहोले,पट्टदकल्लु में जो मंदिर हैं, उनकी शिल्पकला और वास्तुकला अदभुत है। बेलूर,हलेबीडु,सोमनाथपुर के मंदिरों में पत्थर की जो मूर्तियाँ हैं, वे सजीव लगती हैं। ये सुंदर मूर्तियाँ हमें रामायण,महाभारत,पुराणों की कहानियाँ सुनाती हैं। श्रवणबेलगोल में ५७ फुट ऊँची गोमटेश्वर की एकशिला प्रतिमा है,जो दुनिया को त्याग और शांति का संदेश दे रही है।बिजापुर के गोलगुंबज़ की व्हिस्परिंग गैलरी वास्तुकला का अव्दितीय दृष्टांत है।मैसूर का राजमहल कर्नाटक के वैभव का प्रतीक है। प्राचीन सेंट फिलोमिना चर्च, जगनमोहन राजमहल (आर्ट गैलरी ) का पुरातत्व वस्तु संग्रहालय अत्यंत आकर्षणीय हैं**

**३. कन्नड भाषा तथा संस्कृति को कर्नाटक के साहित्यकारों की क्या देन है?**

**उत्तर:कर्नाटक के अनेक साहित्यकारों ने सारे संसार में कर्नाटक की कीर्ति फैलायी हैं। वचनकार बसवण्णा क्रांतिकारी समाज सुधारक थे। अक्कमहादेवी,अल्लमप्रभु,सर्वज्ञ जैसे अनेक संतों ने अपने अनमोल"वचनों" व्दारा प्रेम,दया और धर्म की सीख दी है। पुरंदरदास,कनकदास आदि भक्त कवियों ने भक्ति,नीति,सदाचार के गीत गाये हैं। पंप,रन्न,पोन्न,कुमारव्यास,हरिहर,राघवांक आदि ने महान काव्यों की रचना कर कन्नड साहित्य को समृद्ध बनाया है।**

**IV.कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए :**

**(गंग, त्याग, पुराण, वैभव, कीर्ति, साबुन, चंदन, शांति)**

**१.कर्नाटक को चंदन का आगार कहते हैं।**

**२.गोमटेश्वर की प्रतिमा दुनिया को त्याग और शांति का संदेश दे रही है।**

**३.मैसूर का राजमहल कर्नाटक के वैभव का प्रतीक है।**

**४.कर्नाटक के अनेक साहित्यकारों ने सारे संसार में कर्नाटक की कीर्ति फैलायी है।**

**V.कन्नड़ में अनुवाद कीजिए :**

**१.कर्नाटक में कन्नड़ भाषा बोली जाती है और इसकी राजधानी बेंगलूर है।**

ಕರ್ನಾಟಕದಲ್ಲಿ ಕನ್ನಡ ಭಾಷೆಯನ್ನು ಮಾತನಾಡುತ್ತಾರೆ ಮತ್ತು ಇದರ ರಾಜಧಾನಿ ಬೆಂಗಳೂರು.

**२.कर्नाटक में चंदन के पेड़ विपुल मात्रा में हैं।**

ಕರ್ನಾಟಕದಲ್ಲಿ ಶ್ರೀಗಂಧದ ಮರಗಳು ವಿಫುಲವಾಗಿವೆ.

**३.जगनमोहन राजमहल का पुरातत्व वस्तु संग्रहालय अत्यंत आकर्षणीय है।**

ಜಗನ್ ಮೋಹನ ರಾಜಮಹಲಿನಲ್ಲಿ ಪುರಾತನ ವಸ್ತು ಸಂಗ್ರಹಾಲಯವು ಆಕರ್ಷಣೀಯವಾಗಿದೆ.

**४.वचनकार बसवण्णा क्रांतिकारी समाज सुधारक थे।**

ವಚನಕಾರ ಬಸವಣ್ಣನವರು ಕ್ರಾಂತಿಕಾರಿ ಸಮಾಜ ಸುಧಾರಕರಾಗಿದ್ದರು.

**VI. नमूने के अनुसार इन शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए :**

उदा :पर्वत अद्रि पहाड़ गिरि

१.सागर समुद्र अंबुधि झील

२.आगार घर महल मकान

३.जल पानी नीर वारी

४.आकाश अंबर गगन आसमान

**VII.विलोम शब्द लिखिए :**

१.सुंदर x असुंदर २.विदेश x स्वदेश ३.आदि x अनादि

४.सजीव x निर्जीव ५.सदाचार x दुराचार ६.आयात x निर्यात

**VIII. उदाहरण के अनुसार बहुवचन रूप बनाना सीखिए :**

उदा : संधि – संधियाँ

१. मूर्ति – मूर्तियाँ २. उपलब्धि – उपलब्धियाँ ३. कृति – कृतियाँ

४. नीति – नीतियाँ ५. संस्कृति – संस्कृतियाँ ६. पद्धति - पद्धतियाँ

**IX. विच्छेद कर संधि का नाम लिखिए :**

१. दिग्गज दिक + गज व्यंजन संधि २. पर्वतावली पर्वत + आवली दीर्घ संधि

३. संग्रहालय संग्रह + आलय दीर्घ संधि ४.जलाशय जल + आशय दीर्घ संधि

५. जगनमोहन जगत + मोहन व्यंजन संधि ६. सदाचार सत + आचार व्यंजन संधि

७. अत्यंत अति + अंत यण संधि

**X. विग्रह कीजिए और समास का नाम लिखिए :**

१.देश-विदेश देश और विदेश व्दंव्द समास २.जलप्रपात जल का प्रपात तत्पुरुष समास

३.राजवंश राजा का वंश तत्पुरुष समास ४. राजमहल राजा का महल तत्पुरुष समास

**XI. सही विकल्प को रेखांकित कीजिए :**

१.तुंग-भद्रा नदी इन राज्यों में बहती है-

अ) कर्नाटक-तमिलनाडु आ) कर्नाटक-महाराष्ट्र इ) कर्नाटक-आंध्रप्रदेश ई) कर्नाटक-केरल

२.श्रवणबेलगोल की गोमटेश्वर मूर्ति का निर्माण इन्होंने कराया था –

अ) दीवान पूर्णय्या आ) मिर्जा इस्माइल इ) श्री वीरेंद्र हेग्गडे ई) चावुंडराय

३.ज्ञानपीठ से पुरस्कृत प्रथम कन्नड साहित्यकार ये हैं –

अ) चंद्रशेखर कंबार आ) कुवेंपु इ) यू.आर.अनंतमूर्ति ई) गिरीश कार्नाड

४.कन्नड भाषा के प्रथम "राष्ट्रकवि" की उपाधि से अलंकृत साहित्यकार ये हैं-

अ) गोविंद पै आ) कुवेंपु इ) जी.एस.शिवरुद्रप्पा ई) ती.नं श्री

**XII. अर्थ समझिए और वाक्य में प्रयोग कीजिए :**

**१.तक – थक**

मैं सुबह चार से नौ बजे तक पढ़ती हूँ।

सीता काम करती-करती थक गयी।

**२. चोर - छोर**

चोर चोरी करके भाग गया।

दक्षिण से उत्तर छोर तक पर्वतमालाएँ हैं।

**३.बात – भात**

कृष्ण ने बलराम से बात की।

बिल्ली को दही-भात बहुत पसंद है।

**४. काल - खाल**

श्री सूरदास जी हिन्दी साहित्य के प्राचीन काल के कवि थे ।

प्राणियों की खाल से अनेक वस्तुओं को बनाते हैं ।

**XIII. अनुरूपता :**

१. दक्षिण से उत्तर के छोर की पर्वतमाला : पश्चिमी घाट :: दक्षिण की पर्वतमालाएँ : नीलगिरि

२. कर्नाटक : चंदन का आगार :; बेंगलूर : सिलिकान सिटी

३. सी.वी.रामन : नोबेल पुरस्कृत :: स.एम.विश्वेश्वरय्या : भारतरत्न

४. भद्रावती : लोहे और इस्पात :: मैसूर : चंदन

५. कावेरी : नदी :: जोग : जलप्रपात

६. बेलूर : शिल्पकला :: गोलगुंबज़ : वास्तुकला

७. सेंट फिलोमिना : चर्च :: जगनमोहन राजमहल : पुरातत्व वस्तु संग्रहालय

८. क्रुष्णदेवराय : शासक :: राष्ट्रकूट : राजवंश

९. बसवण्णा : वचनकार :: कनकदास : भक्त कवि

१०. पंपा : प्राचीन कवि :: कंबार : आधुनिक कवि

**पाठ से आगे ……………..**

**I. दिए-गए सही कारक चिन्ह रिक्त स्थान में भरिए और इस अनुच्छेद के लिए उचित शीर्षक दीजिए :**

**(ने, को, से, का, की, के, के लिए, में, पर)**

**कित्तूर से नौ मील दूरी पर स्थित संगोली नामक एक छोटा सा गाँव है। इसी गाँव में एक गड़रिये परिवार में रायण्णा का जन्म सन १५ अगस्त १७९३ ई. में हुआ था। इनके पिताजी का नाम भरमण्णा था। रायण्णा की माता का नाम चंचोबा था। रायण्णा ने अपने भाई सिद्दण्णा के संग कसरत के साथ-साथ शस्त्राभ्यास भी किया। परिश्रम के फलस्वरूप कित्तूर रानी चेन्नम्मा के राज्य में मुख्य सेनापति के पद पर आरूढ़ हुए। उन्होंने अंग्रेजों को देश से भगाकर भारतमाता के लिए स्वतंत्रता दिलाना ही अपना परम कर्तव्य माना था।**